A

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

709

पहला कार्यकालांत मूल्यांकन

2017-18

कक्षा-7

समय: 2 घंटे

हिंदी

- पंद्रह मिनिट का *कूल ऑफ टाइम* प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- किन्हीं **पाँच** गतिविधियों को चुनें और उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचना : कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पेड़ काटने आए हैं
कुछ लोग मेरे गाँव में
अभी धूप बहुत तेज़ है कहकर
बैठे हैं उसी की छाँव में।

(तेज़ धूप- പൊള്ളുന്ന വെയിൽ, छाँव - തണൽ)

क) कवितांश के लिए उचित शीर्षक लिखें।

ख) लोग तेज़ धूप से बचने के लिए किसकी छाँव में बैठे हैं?

(पेड़ की, मकान की)

ग) कवितांश का आशय लिखें।

गतिविधि-2

सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

केरल के समाज सुधारकों में महात्मा अय्यनकाली का महत्वपूर्ण स्थान है। शोषितों को समान अवसर मिलने के लिए उन्होंने क्राँति की थी। उनका जन्म 1863 अगस्त 28 को हुआ था।

(शोषित-അടിച്ചമർത്തപ്പെടുന്നവർ, क्राँति- മാറ്റത്തിനായുള്ള ശ്രമം)

क) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

शोषितों को समान अवसर मिलने के लिए उन्होंने क्राँति की थी।

अमीरों को समान अवसर मिलने केलिए उन्होंने क्राँति की थी।

ख)आपके स्कूल में अय्यनकाली जयंती समारोह होनेवाला है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि 3

सूचना : बिंदुओं की सहायता से नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

- प्रकृति का वरदान
- फल, फूल, छाया...
- पेड़ों से लाभ
- पेड़ों की कटाई
- पेड़ों के संरक्षण की आवश्यकता

क) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- पेड़ों को काटना उचित नहीं है।
- पेड़ों को काटना उचित है।

ख) पेड़ों के संरक्षण की आवश्यकता पर **लघु लेख** तैयार करें।

गतिविधि-4

सूचना : खंड पढ़ें और अनुबद्‌ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> दूसरे दिन सुबह माँ मीना को जगाते हुए बोली, "मीना, मीना। उठो, उठो। तुम्हें कुछ दिखाऊँ, ज़रा गुलमोहर को देखो।" **मीना ने देखा, गुलमोहर के पत्तों के बीच फूल आए हैं।**

क) इसकी खुशी में मीना ने डायरी लिखी। मीना की डायरी कल्पना करके लिखें।

ख) रेखांकित अंश का मातृभाषा में अनुवाद करें।

गतिविधि 5

सूचना : खंड पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

आज गोकुल का जन्म दिन है। उसके मित्र घर आए। कई उपहार मिले। वह खुश था। लेकिन उसका दोस्त राजु नहीं आ सका। उसको बुखार है।

क) गोकुल ने सोचा राजु को पत्र लिखना है। राजु के नाम गोकुल का पत्र कल्पना करके लिखें।

ख) सही प्रस्ताव चुनकर वाक्य की पूर्ति करें।

- राजु नहीं आया।
- राजु आया।

गतिविधि- 6

सूचना : खंड पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्न का उत्तर लिखें।

स्कूल के स्वतंत्रता दिवस समारोह में चलाई गई भाषण-प्रतियोगिता में राजेश प्रथम आया। माननीय एम.एल.ए ने उसे पुरस्कार दिया। वह खुशी से घर पहुँचा, माँ को पुरस्कार दिखाया।

क) राजेश और माँ के बीच का **वार्तालाप** कल्पना करके लिखे।

माँ : ....

राजेश : ....